**वित्तीय समावेशन** शिविर में दी गई जानकारी

# जन-मन के निष्क्रिय खाताधारकों को रिपीट केवायसी कराना जरूरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**बलौदाबाजार.** लाहोद गांव में मंगलवार को वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित किया गया। इसमें भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक की सक्रिय भागीदारी रही। यह शिविर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग द्वारा । जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे संतृप्ति अभियान के तहत लगाया गया था। इसका उद्देश्य हर ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेशन योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। आरबीआई की रायपुर क्षेत्रीय निदेशक रीनी अजित भी शिविर में मौजूद थीं। उन्होंने केवाईसी दस्तावेजों की अवधि समाप्ति के दोबारा सत्यापन की जरूरत पर जोर दिया। डिजिटल धोखाधड़ी से कैसे बचें, यह भी समझाया।

शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के उप-महाप्रबंधक आलोक रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र मित्तल और क्षेत्रीय ग्रामीन बैंक के गोविंद विश्वकर्मा भी शामिल थे। शिविर में उपस्थित स्थानीय बैंक शाखा प्रबंधक जैसे एसबीआई लवन के ऋषभ, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लाहोद के अजय अग्रवाल और लवन के शाखा प्रभारी ने कामकाजी विवरण साझा किए। अंत में एसबीआई प्रबंधक प्रतीक आनंद ने निष्क्रिय जनधन खाताधारकों से अपील की कि वे रिपीट केवाईसी कर अपना खाता सक्रिय करें। शिविर में लाहोद और आसपास के गांवों के लोग आए। उन्होंने पीएम जीवन ज्योति बीमा, पीएम सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना जैसी वित्तीय योजनाओं की जानकारी ली और लाभ उठाया।